भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 28.03.2025

## आरेडिका में 45वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला हॉकी प्रतियोगिता 2025 का समापन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 22.03.2025 से 28.03.2025 तक हुए 45वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला हॉकी प्रतियोगिता 2025 का भव्य समापन आज पूरे उत्साह के साथ महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा एवं उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। 7 दिन चली इस प्रतियोगिता में रेलवे जोन, प्रोडक्शन यूनिटों सहित कुल 9 टीमों के खिलाड़ी तथा रेलवे बोर्ड के ऑब्जर्बर, टेक्निकल ऑफिशियल, एथलेटिक फेडरेशन एवं रेलवे बोर्ड स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के पदाधिकारी सहित कुल 200 लोग ने शामिल हुए।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मध्य रेलवे बम्बई और रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला के मध्य खेला गया। इस में दोनों टीमें 2–2 गोल के साथ बराबरी पर रहीं एवं पेनल्टी सूट के आधार पर निर्णय हुआ जिसमें मध्य रेलवे बम्बई 2–1 से विजेता रहीं वहीं रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला की टीम उप विजेता रही। महाप्रबंधक महोदय ने विजेता टीमों को विजय ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया एवं सभी खिलाड़ियो को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। 45वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला हॉकी प्रतियोगिता 2025 में खेले कई खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं, और वर्तमान में भी प्रतिभाग करते हैं।

आरेडिका खेल–कूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित सलाहकार बीएल मीना ने बताया कि आगुन्तक खिलाड़ियों, कोचों, टेक्नीकल ऑफिशियल और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के लिए आरेडिका के खेलकूद संघ द्वारा रहने–खाने की उचित व्यवस्था की गयी । खिलाड़ियों के उचित मार्गदर्शन हेतु एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी। जिससे खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा और प्रतियोगता का सफल अयोजन हो सका।

इस अवसर पर आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष तथा प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश आरेडिका खेल–कूद विशेष अधिकारी पदम्श्री एवं अर्जुन आवार्डी सुधा सिंह, आरेडिका खेलकूद संघ के सचिव एवं वित सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी अरविन्द कुमार, आरेडिका खेलकूद संघ के सभी सदस्यों सहित उच्चाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

(आर.एन.तिवारी )
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी